**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**

दिनांक : **03.07.2025** समय : **07.10AM**

**मुख्य समाचार :-**

- **प्रधानमंत्री आज पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में त्रिनिदाद और टोबेगो पहुंचेंगे।**
- **विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अमेरिकी संबंधों को पाकिस्तार किसी भी तरह से प्रभावित नहीं कर सकता।**
- **अमरनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह। सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम।**
- **क्रिकेट में एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी के दूसरे टेस्ट मैच में शुभमन गिल का शतक।**

**प्रधानमंत्री- त्रिनीदाद टोबैगो दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आज रात त्रिनीदाद और टोबैगो पहुंचेंगे। वे त्रिनीदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति क्रिष्टीने कार्ला कांगलू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर के साथ बातचीत करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचार- विमर्श करेंगे। इसके पूर्व प्रधानमंत्री ने कल घाना यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि घाना के राष्ट्रनिर्माण की यात्रा में भारत एक साझेदार नहीं बल्कि सहयात्री है ...

**जयशंकर पाकिस्तान**

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमरीका के बीच संबंधो को पाकिस्तान किसी भी तरह प्रभावित नहीं कर सकता। वाशिंगटन में संवाददाता सम्मेलन में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत-अमरीका संबंध आपसी हितों पर आधारित हैं। इनमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भागीदारी नहीं है। विदेश मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराने के अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दावे को भी खारिज किया। यात्रा के दौरान श्री जयशंकर ने अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ऑस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों के साथ क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लिया। विदेश मंत्री ने श्री रुबियो और अमरीकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ तथा ऊर्जा सचिव क्रिस राइट के साथ अलग-अलग बैठकें की।

**रिजिजू- संसद सत्र**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र आयोजित करने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री रिजिजू ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर 13 और 14 अगस्त को संसद की बैठक नहीं होगी।

**ओम बिड़ला-सम्मेलन**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आज हरियाणा के मानेसर में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का विषय है - संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका। सम्मेलन का उद्देश्य देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण में शहरी स्थानीय निकायों को एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करना है। कार्यक्रम में प्रतिनिधि संवैधानिक जनादेश को पूरा करने सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**स्मार्ट मीटर-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बिजली उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिजली सस्ती दरों पर मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर मॉडल सबसे अच्छा है, इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं के हित में सबके घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं। इससे उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बताया गया कि प्रदेश में 1.34 करोड़ घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 21 लाख से भी अधिक घरेलू स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

**अमरनाथ यात्रा**

श्री अमरनाथ जी की वार्षिक यात्रा आज औपचारिक रूप से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालतल मार्ग से शुरू होगी। बालतल मार्ग से दो हजार तीन सौ से अधिक और पहलगाम मार्ग से तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं को लेकर लगभग 299 वाहन श्रीनगर

जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग से कश्मीर घाटी में सुरक्षित पहुंच गए। श्रद्धालुओं को "बम बम भोले" और "बर्फानी बाबा की जय" के नारे लगाते देखा गया। स्थानीय लोगों, नागरिक समाज के सदस्यों और जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। पुंछ-जम्मू-कश्मीर के एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों, यात्रा प्रबंधन और सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।

**औद्योगिक संवाद श्रृंखला, लुधियाना-मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में चल रही औद्योगिक संवाद श्रृंखला में प्रमुख इंटरएक्टिव सेशन 7 जुलाई को लुधियाना में होने जा रहा है। बैंगलुरु और सूरत में निवेशकों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद अब लुधियाना में तीसरा इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपोर्चूनिटीज इन मध्यप्रदेश आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना के प्रमुख उद्योगपतियों, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर के निवेशकों के साथ सीधे संवाद करेंगे। यह आयोजन केवल विचारों के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें संभावित निवेश प्रस्तावों पर ठोस चर्चा भी की जाएगी।

**भाजपा अध्यक्ष**

बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल को मध्य प्रदेश भाजपा का निर्विरोध नया प्रदेश अध्यक्ष चुन लिया गया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित निर्वाचन समारोह में कल पार्टी के संगठन चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इसकी औपचारिक घोषणा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर हेमंत खंडेलवाल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि हमारी पार्टी में अनुशासन है और प्रदेश में भाजपा संगठन को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जायेगा।

**क्रिकेट**

बर्मिंघम में भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी क्रिकेट श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच में कल पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने पांच विकेट पर तीन सौ दस रन बना लिए थे। कप्तान शुभमन गिल 114 और रविंद्र जडेजा 41 रनों के साथ क्रीज़ पर थे। पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में लीड्स में इंग्लैंड ने भारत को पांच विकेट से हराकर एक-शून्य की बढ़त ले ली है।

**मौसम**

प्रदेश के सभी जिलों में झमाझम बारिश का दौर जारी है। भोपाल में भी कल रूक-रूककर तेज और मध्यम बारिश होती रही। मौसम विभाग ने आज उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभागों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इंदौर, ग्वालियर संभागों के जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले इलाकों से दूर रहने की अपील की है।

**समाचार संक्षेप :-**

- **प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने के संबंध में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग कल भोपाल में जन सुनवाई करेगा।**
- **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग के अधिकारियों को गुजरात के 'वनतारा' वन्यजीव पुनर्वास केंद्र का अध्ययन कर प्रदेश में भी ऐसा ही रेस्क्यू और एनिमल वेलफेयर प्रोजेक्ट स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।**
- **इंदौर जिले में 11 जुलाई को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर इंदौर में अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे।**
- **शिवपुरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत कल लघु और सीमांत किसानों को बीज एवं मिनीकिट का वितरण किया गया।**
- **अशोकनगर जिले को युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत आकांक्षी युवाओं के कार्यक्रम पर प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।**
- **नर्मदापुरम जिले में कल सर्किट हाउस, रेस्ट हाउस और पीआईयू निर्मित परिसरों और विभिन्न मार्गों पर पौधारोपण किया गया।**
- **झाबुआ जिले में "नेशनल पेट्रोलियम पेट्रोल पंप" की जांच के दौरान टैंकों में पानी पाए जाने पर तहसीलदार ने संबंधित नोजल को सील कर दिया।**

-------